परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक

09-07-2025

# प्रेस विज्ञप्ति

**"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत डीआईजी बस्ती द्वारा किया गया वृक्षारोपण।**

आज दिनांक09.07.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के परिसर मे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के एक फलदार वृक्ष का रोपण किया गया। यह भावनात्मक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत प्रेरणादायक पहल पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसका उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है, बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करना भी है।

इस अवसर पर डीआईजी बस्ती श्री संजीव त्यागी ने कहा कि "माँ एक ऐसा वृक्ष है, जो बिना किसी अपेक्षा के हमें छांव, सुरक्षा और पोषण देती है। ऐसे में यदि हम माँ के नाम एक पेड़ लगाते हैं, तो यह न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि माँ के प्रति हमारे भावनात्मक लगाव की भी अभिव्यक्ति है।"

"एक पेड़ माँ के नाम" जैसे अभियान जनमानस को पर्यावरण और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने का अद्भुत प्रयास हैं, जिनसे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है।

उक्त अवसर पर डीएफओ डॉ0 शिरीन सिद्दीकी,वन क्षेत्राधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**